वर्ष- 02 अंक- 132

छपरा

2 अप्रैल, बुधवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

## येशु-येशु वाले बजिंदर सिंह को रेप केस में उम्रकैद



**मोहाली,एजेंसी।** येशु-येशु वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले बजिंदर सिंह को रेप केस में उम्रकैद की सजा हो गई है। मोहाली कोर्ट ने उसे सजा सुनाई। इसके बाद कोर्ट के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बजिंदर को कोर्ट ने 3 दिन पहले दोषी करार दिया था। इसके बाद उसे पटियाला जेल में बंद कर दिया गया था। बजिंदर पर आरोप है कि वह विदेश में बसाने के बहाने महिला को अपने घर ले गया, जहां उसका रेप कर वीडियो बनाया। उसे धमकी भी दी कि अगर उसका विरोध किया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल देगा।इस मामले में पीड़ित के वकील ने बताया कि कोर्ट ने बजिंदर को सजा सुनाते हुए कहा कि उसे अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। सजा से बचने के लिए पादरी बजिंदर कोर्ट में गिड़गिड़ाने लगा। उसने कहा- मेरे बच्चे छोटे हैं। पत्नी बीमार है। मैं सोशल आदमी हूं। मेरी टांग में रॉड डली हुई है, इसलिए मुझ पर रहम किया जाए। मगर कोर्ट ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया।

## साध्वी प्राची ने की राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग

**हरिद्वार,एजेंसी।** हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने महिलाओं के जैसा पुरुष आयोग बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने देश को जरूरत है कि महिलाओं के जैसा ही एक पुरुष आयोग भी बने। हरिद्वार स्थित अपने आश्रम में मीडिया से बातचीत में साध्वी प्राची ने कहा कि पहले महिलाओं का उत्पीड़न होता था, जिसके लिए महिला आयोग बनाया गया और उससे महिलाओं को संरक्षण भी मिला। लेकिन अब जिस तरह देश भर के अलग-अलग हिस्सों से कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें पुरुषों का उत्पीड़न और हत्याएं हो रही हैं। अब समय आ गया है कि पुरुषों को उत्पीड़न से बचाने के लिए पुरुष आयोग भी बनाया जाए। उनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में पुरुषों का उत्पीड़न महिलाओं से ज्यादा देखा जा रहा है। ऐसे में देश को जरूरत है कि महिलाओं के जैसा ही एक पुरुष आयोग भी बने।

## अलग-अलग हादसों में 28 की मौत

### गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटा

# म.प्र. के 17 मजदूरों की मौत, 3 गंभीर घायल, पांच लोगों को बचाया गया

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्यप्रदेश के 17 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 3 की हालत गंभीर है। वहीं, पांच मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं।

फैक्ट्री डीसा के धुनवा रोड पर है। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने से फैक्ट्री में आग लगी थी। मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

नव अंग दूर-दूर तक पड़े नजर आए विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। अचानक हुए विस्फोट से उन्हें भागने का भी मौका नहीं मिला। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग भी करीब 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। आग पर काबू पाने के बाद अब फायर ब्रिगेड के कर्मचारी फैक्ट्री के अंदर कूलिंग कर रहे हैं।



तीन लोग 40 प्रतिशत से अधिक जल गए डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है। जल्द ही हादसे की सही वजह का पता लगाया जाएगा। पटाखा बेचने का लायसेंस था, बनाने का नहीं दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि, अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखा बेचने का लायसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

डीसा विधायक प्रवीण माली ने बताया कि फैक्ट्री के मलबे के नीचे अभी भी मजदूर दबे हुए हैं। हालांकि पांच लोगों को बचाकर अस्पताल ले जाया गया है। इन लोगों को विस्फोट वाली मामुली चोटें आई हैं। ये लोगं विस्फोट वाली जगह से करीब 30 फीट की दूरी पर काम कर रहे थे।

## राजस्थान में फैक्ट्री से गैस-लीक, मालिक सहित 3 की मौत

### 60 से ज्यादा हुए थे बेहोश, 2 की हालत गंभीर, इलाके को खाली करवाया

**ब्यावर,एजेंसी।** ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 की मौत हो गई। दो लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों ब्यावर और अजमेर सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गैस के असर से कई पालतू जानवर और आवारा कुत्तों की भी मौत हुई है। घटना ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात 10 बजे की है। फैक्ट्री के नजदीक के कई घरों को खाली करवाया गया है।



**गैस को नियंत्रित करने में लगे कंपनी मालिक की मौत :** इस हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल (47) की मौत हो गई। वो रातभर गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया था। सोमवार रात को ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## पश्चिम बंगाल में सिलेंडर ब्लास्ट, 8 लोगों की मौत

### इनमें 4 बच्चे, 4 महिलाएं; भाजपा का आरोप- बम बनाने की अवैध फैक्ट्री चल रही थी



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा इलाके में 31 मार्च, यानी सोमवार देर रात सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ था। हादसे में मरने वालों की संख्या मंगलवार को 8 हो गई। पहले यह आंकड़ा 7 था।

अधिकारियों के मुताबिक मरने वालों में 4 बच्चे और 4 महिलाएं शामिल हैं। सुंदरबन जिले के SP कोटेश्वर राव ने बताया कि हादसा ढोलाघाट गांव में रात 9 बजे का है। मरने वाले एक ही परिवार के हैं। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में 2 गैस सिलेंडर में ब्लास्ट की जानकारी है। वहीं भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यहां क्रूड बम बनाने की अवैध फैक्ट्री चल रही थी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पुलिस प्रशासन घटना को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, SP कोटेश्वर राव ने कहा कि घर में कोई अवैध पटाखा फैक्ट्री नहीं थी।

टीएमसी विधायक समीर कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार का घर से कुछ मीटर की दूरी पर लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री थी। हो सकता है कि घर में पटाखों का कच्चा माल रखा गया हो, जिससे यह हादसा हुआ हो।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर, 1 आतंकी मारा गया



### पंजतीर्थी मंदिर के पास छिपे 2 की तलाश जारी; 9 दिन में तीसरी मुठभेड़

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। हालांकि, सुरक्षाबलों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सेना के राइजिंग स्टार कॉर्प्स के मुताबिक 31 मार्च की रात इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिसके बाद सेना ने सर्चिंग शुरू की। आतंकियों की तरफ से फायरिंग के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया।

सुरक्षाबलों ने रातभर इलाके की घेराबंदी की, ताकि जंगल में छिपे 3 आतंकी भाग न सकें। हालांकि, मंगलवार सुबह 7 बजे के बाद फायरिंग रुकी है। कश्मीर पुलिस, NSG, CRPF और BSF स्निफर डॉग्स और ड्रोन से आतंकियों की तलाश कर रही है।

**9 दिन में तीसरी मुठभेड़, हीरानगर में सबसे पहले दिखे थे आतंकी :** बीते 9 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों से यह तीसरी मुठभेड़ है। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे।

28 मार्च दूसरी बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 2 आतंकी मारे गए थे। इस दौरान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) के 4 जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह शहीद हुए थे। इनके अलावा DSP धीरज सिंह समेत तीन जवान घायल हुए थे। उनका इलाज जारी है।

### वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 12 बजे पेश होगा

# 8 घंटे चर्चा होगी; अखिलेश बोले- विरोध करेंगे, योगी ने कहा- बदलाव समय की मांग

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा। भाजपा ने अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है।बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (BAC) ने जब इस बात की जानकारी दी तब विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है।

हालांकि विपक्ष ने BAC की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया।




समाजवादी पार्टी (SP) सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। वक्फ संशोधन बिल पर आज भी लोकसभा में हंगामा हुआ। प्रश्नकाल खत्म होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### वक्फ संशोधन बिल पर बयान...

- **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ :** हर अच्छे काम का विरोध होता है, इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है, जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूंक्या वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का भी कोई कल्याण किया है? वक्फ सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जे का माध्यम बन गया है।
- **शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा :** पिछले 75 साल से मुसलमानों को गुमराह करने के लिए फर्जी कहानियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम मुसलमान तुष्टिकरण नहीं चाहते; वे सशक्तीकरण चाहते हैं। वक्फ बिल से सबसे ज्यादा फायदा मुसलमानों को होगा।
- **AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी :** वक्फ संशोधन बिल को वक्फ बर्बाद बिल कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का एकमात्र मकसद मुसलमानों से नफरत फैलाना और हिंदुत्व की विचारधारा लागू करना है। ओवैसी ने चंद्रबाबू नायडू से अपील की कि उन्हें सोच समझकर फैसला लेना चाहिए कि वे क्या करवाना चाहते हैं।
- **सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव :** भाजपा का हर फैसला वोट के लिए होता है। समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है। भाजपा पूरा नियंत्रण चाहती है। प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई है। वह कहते थे कि हम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या भाजपा ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रही है?

## यज्ञ के लिए भिक्षा लेने निकलीं महिलाओं पर पत्थरबाजी

**कोडरमा,एजेंसी।** कोडरमा जिले के छतरबर गांव में यज्ञ के लिए भिक्षा मांगने निकली महिलाओं पर पत्थरबाजी की गई है। इस पत्थरबाजी के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। हांलाकि एहतियातन इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। अभी स्थिति नियंत्रण में है। वहीं पुलिस इलाके की मॉनिटरिंग और घटना की जांच ड्रोन से कर रही है। जानकारी के अनुसार चेचाई गांव की महिलाएं यज्ञ के लिए मंगत मांगने निकली थीं। इस दौरान छतरबर में कुछ असामाजिक तत्वों ने उन पर पत्थर फेंका। इसके बाद तनाव बढ़ गया।

**महिलाओं के सिर पर रखे कलश टूटे**-दरअसल चेचाई गांव में 9 से 17 अप्रैल तक महायज्ञ का आयोजन होना है। इसलिए गांव की 50-60 महिलाएं 7 गांवों से भिक्षा मांगने निकली थीं। इनमें से 11 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर लाइन में चल रही थीं। छतरबर गांव से गुजरते समय दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने छत से पत्थर फेंका।

## शिमला में सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला जलाया



### सचिवालय के बाहर प्रदर्शन; क्षत्रिय संगठन ने 12 को आगरा कूच की दी चेतावनी

**शिमला,एजेंसी।** शिमला में देवभूमि क्षत्रिय संगठन ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छोटा शिमला सचिवालय के बाहर क्षत्रिय संगठन ने सांसद का पुतला जलाया और 12 अप्रैल को शिमला से बड़ी संख्या में आगरा कूच की चेतावनी दी।

दरअसल, राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी की थी। इसके विरोध में शिमला में आज उनका पुतला दहन किया गया। इसके बाद पुतले के ऊपर जूतों की माला जलाई गई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। मगर प्रदर्शनकारियों ने वाहन में लाए गए पुतले को जलाने की चेतावनी दी। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई।

### योद्धाओं का अपमान नहीं सहेंगे- रुमित

देवभूमि क्षत्रिय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रुमित ठाकुर ने कहा कि वीर योद्धाओं के सम्मान में संगठन सड़कों पर उतरा है।

**मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस :**

## टाडा कोर्ट का 32 साल बाद आदेश- टाइगर मेमन की प्रॉपर्टी सरकार को सौंपें; इनमें 14 संपत्तियां शामिल

**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई सीरियल बम धमाकों के 32 साल बाद स्पेशल टाडा कोर्ट ने टाइगर मेमन की संपत्तियां केंद्र को सौंपने का आदेश दिया है। विशेष टाडा कोर्ट ने कहा कि 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के मास्टरमाइंड टाइगर मेमन और उसके परिवार की 14 संपत्तियां केंद्र सरकार को सौंप दी जाएं।

ये संपत्तियां 1994 से टाडा (आतंकवादी और विध्वंसकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम) अदालत के आदेश के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट के रिसीवर के कब्जे में थीं। संपत्तियों को 1994 में स्पेशल टाडा कोर्ट ने कुर्क कर लिया था, तब से वे हाईकोर्ट के कब्जे में थीं।

26 मार्च को जारी आदेश में, स्पेशल टाडा कोर्ट के जज वीडी केदार ने कहा कि अचल संपत्तियों का कब्जा केंद्र सरकार को सौंप दिया जाना चाहिए। मेमन के खिलाफ जब्ती की कार्यवाही विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी रोकथाम अधिनियम 1974 और महाराष्ट्र सरकार के 1992 में जारी आदेश के प्रावधानों के तहत हुई थी। 12 मार्च 1993 को मुंबई में 13 जगह सीरियल ब्लास्ट हुए, जिसमें 257 लोगों की जान गई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बाद में CBI ने विस्फोट मामले की जांच की।



**मेमन और उसके परिवार की 14 प्रॉपर्टी में 4 फ्लैट-4 दुकानें :** टाइगर मेमन और उसके परिवार की 14 संपत्तियों में बांद्रा (पश्चिम) में एक इमारत में एक फ्लैट, माहिम में एक ऑफिस, माहिम में एक ओपन प्लॉट, सांताक्रूज़ (पूर्व) में एक खाली प्लॉट और एक फ्लैट, कुर्ला में एक इमारत में दो फ्लैट, मोहम्मद अली रोड पर एक ऑफिस, डोंगरी में एक दुकान और प्लॉट, मनीष मार्केट में तीन दुकानें और मुंबई के शेख मेमन स्ट्रीट पर एक इमारत शामिल है।

### चपरासी की नौकरी करता था टाइगर

24 नवंबर 1960 को जन्मे इब्राहीम मुश्ताक अब्दुल रजाक नादिम मेमन को अंडरवर्ल्ड की दुनिया में टाइगर मेमन के नाम से जाना जाता है। पांच छोटे भाइयों संग उसका बचपन दक्षिण मुंबई के मोहम्मद अली रोड इलाके में बनी कड़ीया बिल्डिंग के एक कमरे के फ्लैट में बीता। मुश्ताक के पिता अब्दुल रजाक वेल्डिंग का काम करते थे। उसने मुंबई के स्माइल बेग मोहम्मद स्कूल से दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते मुश्ताक ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ कर मुंबई के मेमन कोआपरेटिव बैंक में बतौर चपरासी काम शुरू किया। लेकिन वहां भी वह ज्यादा दिनों तक वह टिक नहीं सका। चाय लाने के विवाद के बाद उसने अपने

### प्रयागराज में मकान गिराने पर सुप्रीम कोर्ट बोला- झकझोर दिया

## मकान गिरा रहे थे, बच्ची किताब लेकर भाग रही थी; अफसर संवेदनशील नहीं; मुआवजा दें

**प्रयागराज,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को घर गिराने पर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, डेवलपमेंट अधिकारियों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि आश्रय स्थल का अधिकार भी संविधान का अभिन्न हिस्सा है। उनमें जरा भी संवेदनशीलता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया कि जिनके मकान गिराए गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राइट टू शेल्टर नाम भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी तरह से भी ठीक नहीं है।प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रापर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे।



### जस्टिस उज्जल भुईयां ने घटना का जिक्र किया

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुईयां ने फैसले के दौरान उस घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा, यूपी के अंबेडकर नगर 24 मार्च की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ एक 8 साल की बच्ची अपनी किताब लेकर भाग रही थी। इस तस्वीर ने सबको शॉक्ड कर दिया था।

## वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज :सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामला लंबित चुनौती से अलग नही, धार्मिक स्थल की जांच कराने की मांग की गई थी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्लेसेज ऑफ वर्शिप (विशेष प्रावधान) एक्ट, 1991 के प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। ये एक्ट धार्मिक स्थलों उनके 15 अगस्त 1947 से पहले के रूप में संरक्षित करता है। मामले की सुनवाई सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने की। पीठ ने कहा कि वर्तमान याचिका लंबित चुनौती याचिका से अलग नहीं है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय को एक्ट को चुनौती देने के लिए लंबित आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता दी है। याचिका में पूजा स्थल कानून (विशेष प्रावधानों, 1991) की धारा 4(2) को चुनौती दी गई थी। जो किसी स्थान (मंदिर-मंदिर या दूसरे धार्मिक स्थल) के धार्मिक चरित्र को बदलने की कार्यवाही पर रोक लगाती है। साथ ही इसको लेकर नए मामले दायर करने पर भी रोक लगाती है।

## दिघवारा थाना में नये थानाध्यक्ष बने रितेश कुमार मिश्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा थाना के थानाध्यक्ष के पद रिक्त रहने के कारण बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण एवं बेहतर प्रशासनिक सुगमता हेतु पुअनि रितेश कुमार मिश्रा, दरियापुर थाना, सारण को थानाध्यक्ष दिघवारा थाना के पद पर पदस्थापित मंगलवार को किया गया है एवं अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान कर योगदान प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सारण एसपी ने निर्देशित किया है। दिघवारा के नये थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा जो सोनपुर थाना में भी कार्य कर चुके है। बतादे कि पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार सिंह थानाध्यक्ष, दिघवारा थाना को कार्य में लपरवाही के कारण जिला मुख्यालय से उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज किया गया साथ ही उन्हें 07 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने की बात कहीं गयी है।

## गैरेज में आपसी विवाद में मारपीट

**मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के धेनुकी चौक के पास स्थित एक गैरेज में आपसी विवाद में मारपीट कर एक व्यक्ति को जख्मी कर दिया। मामले में जख्मी तरैया के सरेया बसंत निवासी मुन्ना कुमार सिंह ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अमनौर हरनारायण निवासी प्रिंस कुमार सिंह सहित तीन अज्ञात को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि वह रविवार को धेनुकी चौक स्थित डालडा मिस्त्री के गैराज में अपने जेसीबी को ठीक करवा रहा था। तभी एक बुलेट और एक बाइक से चार लोग वहां पहुंचे और उसे मारने पीटने लगे। इस दौरान प्रिंस सिंह ने उसके पैकेट से 36 हजार रुपया निकाल लिया।

## जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति को मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी जितेंद्र कुमार सिंह ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अपने भाई विनोद सिंह, संदीप कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी आरोपी उसके पास आकर गाली देने लगे। जब उसने मना किया तो फैट, मुक्का, लाठी, डंडा से मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह जख्मी हो गया। इस दौरान संदीप कुमार सिंह ने उसके मुंह में जहरीला पदार्थ पिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। हल्ला सुनकर आसपास के लोग जमा हुए तो उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आएं।

## जिला सत्र न्यायाधीश अनुमंडल व्यवहार न्यायालय की जानकारी ली

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** जिला सत्र न्यायाधीश मंगलवार को सपरिवार मढ़ौरा के प्रसिद्ध शिल्हौड़ी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। न्यायाधीश के साथ उनके दो छोटे बच्चे भी पूजा के दौरान उपस्थित थे। मंदिरवके प्रधान पुजारी धर्मेन्द्र उपाध्याय, वराणसी के वैदिक अतुल शांडिल्य, दीपक शांडिल्य, सूरज शांडिल्य, अनिल उपाध्याय, प्रभास पांडे, गुंजन शास्त्री की उपस्थिति में न्यायाधीश ने सपरिवार भगवान शिव को जलाभिषेक किया और मंदिर का परिभ्रमण कर वापस लौट गए। मंदिर से निकल कर जिला सत्र न्यायाधीश अनुमंडल व्यवहार न्यायालय मढ़ौरा पहुंचे और न्यायालय की आधतन जानकारी प्राप्त की। इस दौरान न्यायाधीश अनुमंडल कार्यालय भी गए जहां अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. प्रेरणा सिंह व अन्य से अनुमंडल व्यवहार न्यायालय की प्रस्तावित जमीन को लेकर चर्चा की और जरूरी अपडेट लिया। जिला सत्र न्यायाधीश के मढ़ौरा आने को लेकर पुलिस व प्रशासन सक्रिय रही।

## आपसी विवाद में दरवाजे पर आकर की मारपीट

**मढ़ौरा।**थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर में आपसी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में राजकुमार प्रसाद नामक एक व्यक्ति जख्मी हो गया। घटना को लेकर जख्मी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसी गांव के अखिलेश साह, विशाल कुमार सिंह साहित्य दो-तीन अज्ञात को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी उसके दरवाजे पर आकर उसे गाली देने लगे और फैट, मुक्का, डंडा से मरने लगे। इस दौरान उसे काफी चोट लगी और वह जमीन पर गिरकर चिल्लाने लगा। बाद में लोग जमा हुए तो आरोपियों ने जान से मार देने की धमकी देकर चले गए।

## बिजली के शॉट शर्किट से लगी गेंहू जलकर खाक

**मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र गंजमसूरिया चवर में लगी बीस बिगहा के लग भाग में लगी गेंहू जलकर खाक हो गई है ।बताया जाता है कि सोमवार की दो पहर में 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार खेतो से गुजर कर गई हुई है उसी से निकली चिंगारी से देखते ही देखते धू धू कर जलने लगी ,इसकी भनक जैसे ही किसानों को हुई दौड़ते हुए आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन चेवर में पानी नही रहने के कारण यत्र तत्र प्रयास में लगे रहे ।इसी क्रम में दमकल कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई ।अग्निशमन गेंहू में लगी आग को भरसक बुझाने का प्रयास करते रहे तब तक बीस बिगहा के लग भाग में लगी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गई हैं ।कहा भी जाता है खेती जुआ है ,कभी मौसम की मार ,तो कभी प्राकृतिक आपदा तो कभी मानव निर्मित प्रकोप का सामना करना पड़ता है । गेंहू का फ़सल काट कर घर आने को था लेकिन रोने बिलखने के साथ कुछ भी नहीं है ।आग लगने से नष्ट हुई गेंहू की फसल है कृष्णनंदन राय, नईम मिया हस्मक अंसारी ,राहुल पूरी ,दिनेश साह ,शिवप्रसाद साह ,निरंजन राय,सुलतान अंसारी ,मेराज अंसारी ,कुंदन कुमार, शैलेंद्र राय,रामबृक्ष राय सहित अन्य किसानों की फसल जल गई है ।

## आग लगने से दो एकड़ में लगी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गई

**मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के बाघाकोल पंचायत के हैजलपुर गांव में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है।आग लगने की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह ने सांसद राजीव प्रताप रूडी को कंट्रोल रूम में दी।ततपश्चात दो दमकल के साथ पहुंच कर आग बुझाने का काम किया लेकिन आग अपना काम कर चुका था ।ग्रामीणों एवम दमकल विभाग के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया है ।गनीमत रही कि आग का फैलाव को नियंत्रित कर लिया गया था जिस कारण दो एकड़ में लगी गेंहू की फसल ही जल कर नष्ट हो गई है । अग्नि से पीड़ित किसान रामायण महतो ,संचिता सिंह ,एवम बिपिन सिंह है ।आग लगने का कारण अस्पस्ट है ।मालूम हो कि अब गेंहू की कटनी होनी थी लेकिन किसान के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

### सोनपुर अनुमंडल का मनाया गया 35वां स्थापना दिवस

# सोनपुर स्थापना दिवस के मौके पर लोगों ने सोनपुर को जिला बनाने की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सारण जिले का सोनपुर अनुमण्डल के 35 वां स्थापना दिवस पर लोक सेवा आश्रम सोनपुर में संत मौनी बाबा की अध्यक्षता में मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम क़े संचालन ई प्रभात रंजन ने किया जबकि अध्यक्षता के दौरान बाबा ने हरिहर, क्षेत्र क़े महंता पर स विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए सरकार से सोनपुर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की माँग की। मौके पर अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह,अधिवक्ता अभय सिंह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि लंबी लड़ाई लड़ने के बाद पहली अप्रैल 1991 को सोनपुर प्रखण्ड को अनुमण्डल का दर्जा मिला। अनुमण्डल उद्घाटन के अवसर पर खुले मंच से तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा था कि एक साल के अन्दर अनुमण्डल स्तर के सभी कार्यालय खोल दिये जायेगें। लेकिन अपशोष की बात है कि अब तब कई मुख्यमंत्री, मंत्री आदि आये गये लेकिन अनुमण्डल स्तर के ट्रेजरी, पोस्टमार्टम गृह तथा जेल तक नहीं बना। पत्रकार संजीत कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद, अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह, अबध किशोर शर्मा, विधायक राज कुमार राय, वीरेंद्र वर्मा, महेश यादव सहित सैकड़ो लोगो ने धरना प्रदर्शन करते हुये सोनपुर अनुमंडल के दर्जा दिलाने की मांग की थी जहां लालू प्रसाद यादव 1990 में जब मुख्यमंत्री बने तो फिर एक अप्रैल 1991 को सारण जिले के दो अनुमंडल का दर्जा मिला जिसमें मढ़ौरा और सोनपुर था। जिसका विधिवत उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने की थी लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अनुमंडल की स्थापना इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य के साथ अन्य ग्रामीणों ने हर वर्ष अपने स्तर से पहली अप्रैल को अनुमंडल स्थापना दिवस मनाते आ रहे हैं, लेकिन अब तक सरकारी स्तर पर नहीं मनाया गया है वहीं कुछ बुद्धिजीवियों ने तत्कालीन एसडीओ सुनील कुमार एवं डीएसपी अंजनी कुमार से आग्रह पर उन्होंने 33 वां स्थापना दिवस अपने स्तर से बाबा हरिहरनाथ मंदिर प्रांगण में मनाए थे और उन्होंने आश्वासन दिए थे कि अब हर साल सरकारी स्तर पर अनुमंडल स्थापना दिवस मनाया जाएगा लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद से नहीं मनाया जा रहा है। वही प्रभात रंजन ने कहा कि राज्य क़े अन्य अनुमंडल की स्थापना दिवस संस्कृति कार्यक्रम कर धूमधाम क़े साथ अन्य स्थानों पर होती है लेकिन सोनपुर प्रशासन की इच्छा शक्ति के कमी के कारण इस वर्ष भी सरकारी स्तर पर सोनपुर अनुमंडल क़े स्थापना दिवस नहीं मनाया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां के सभी छोटे बड़े जनप्रतिनिधियों क़े इच्छा शक्ति क़े कमी व कूटनीति चाल के कारण आज तक सोनपुर अनुमंडल के स्थापना के 35 वर्ष बीत जाने के बाद भी अनुमंडल स्तर के कार्य यहां नहीं होती है जिसके परिणाम स्वरूप सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र की जनता को संबंधित कार्य के लिए 60 किलोमिटर दूर जिला मुख्यालय छपरा जाना पड़ रहा है। यहां तक की अनुमंडल क्षेत्र सोनपुर के तीन प्रखंड के अलावा परसा प्रखंड और अन्य थाना क़े कार्य प्रणाली के कार्य भी यहां से संचालित होती है। लेकिन यहां आज तक सोनपुर को जिला का दर्जा नहीं मिला जबकि बिहार में अन्य दो और तीन प्रखंड को मिलाकर जिला बनाया गया। पंकज परमार ने कहा कि सोनपुर अनुमण्डल को जिला का दर्जा अब तक मिल जाना चाहिये था चुकि बिहार में कई स्थान को जिला का दर्जा दे दिया गया है जिसका अस्तित्व सोनपुर के सामने लघु है। सोनपुर अनुमंडल घार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, पौराणिक साहित्यिक. आदि क्षेत्र में प्रारंभ से ही अब्बल रहा है। देश की आजादी में इस क्षेत्र क़े लोगों ने अंग्रेजों की गोली खाई जिसका प्रमाण इतिहास के पन्नों पर कभी भी पढ़ा जा सकता। समाजसेवी लालबाबू पटेल ने कहा कि हरिहर क्षेत्र सोनपुरी जिला का दर्जा इसलिए भी प्राप्त करने का अधिकार रखता है कि यहां प्रतिवर्ष विश्व प्रसिद्ध पशु मेला लगता है। गोरी गंगा- श्यामली नारायणी का संगम है जहाँ सालो भर श्रद्धालु यहां आकर पवित्र नदी में डुबकी लगाकर बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक करते हैं। सिर्फ मेला में सरकार को करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त होता है। अवध किशोर शर्मा ने कहा कि सोनपुर के अनुमंडल के दर्जा तो मिल गया लेकिन स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि सरकारी स्तर पर धूमधाम के साथ अनुमंडल स्थापना दिवस मनाये। मौके पर जेपी स्वतंत्रता सेनानी धर्मनाथ शर्मा,सतन शर्मा, नितेश सिंह, कुंदन सिंह, वैभव सिंह, शिक्षक अरविन्द कुमार राय,दीपक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## हिमाचल प्रदेश पुलिस में एडीजी के पद पर पदस्थापित डॉ जयप्रकाश सिंह ने लोकनायक जयप्रकाश को किया याद



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी के टेघड़ा गांव निवासी एवम हिमाचल प्रदेश पुलिस में एडीजी के पद पर पदस्थापित डॉ जयप्रकाश सिंह मंगलवार को सिताबदियारा के लाला टोला पहुंचा तथा सम्पूर्ण क्रान्ति के महानायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मौके पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जेपी के सामाजिक व राजनीतिक आंदोलन का ही परिणाम कहा जायेगा कि उनके आन्दोलन के पाँच दशक बाद भी देश की लोकतांत्रिक प्रणाली विश्व के अन्य देशों के लिए एक मिशाल बना हुआ है। श्री सिंह ने लाला टोला निवासी एवम सामाजिक कार्यकर्ता रोहित कुमार सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित सुन्दरकाण्ड के सस्वर पाठ में भी भाग लिया तथा पारंपरिक वाद्य झाल बजाकर मौजूद लोगों को चौंका दिया। मौके पर माँझी तथा रिविलगंज के थानाध्यक्ष क्रमशः अमित कुमार तथा सुभाष पासवान,मुखिया प्रतिनिधि द्वय मनोकामना सिंह एवम अजित सिंह,भोला सिंह,अरविन्द सिंह,मनोज सिंह,मिथिलेश सिंह,टुनटुन सिंह,ददन महतो,उमेश प्रसाद,अवधेश प्रसाद तथा पुरेन्द्र पाण्डेय आदि कई अन्य लोग भी मौजूद थे। इससे पहले माँझी थाना परिसर पहुँचे एडीजी श्री सिंह का प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने भव्य स्वागत किया। मौके पर अन्य पुलिस पदाधिकारी आदि भी मौजूद थे।

## 23 अप्रैल को भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक टीम का पटना में जेपी गंगा पथ पर हवाई प्रदर्शन

- मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजकीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न
- बिहटा हवाई अड्डे से उड़ान भरेंगे सूर्य किरण के विमान, वायुसेना की सूर्य किरण टीम को राजकीय अतिथि का दर्जा



**दैनिक खोज खबर/पटना।** बिहार में पहली बार भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम हवाई प्रदर्शन करने जा रही है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में राज्य सरकार द्वारा राजकीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर आज पटना समाहरणालय में सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार एवं अन्य अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार कर रही है, जो बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य जयंती के अवसर पर होगा। 23 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा घोषित राजकीय अवकाश भी है। इस अवसर पर सूर्य किरण के नौ विमान बिहटा हवाई अड्डे से उड़ान भरकर पटना के जेपी गंगा पथ पर रोमांचक हवाई करतब प्रस्तुत करेंगे। वन विभाग को बिहटा हवाई अड्डे की जंगली जानवरों से सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस आयोजन के लिए स्कूली बच्चों, कॉलेज विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा इस पूरे कार्यक्रम की समन्वय व्यवस्था शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ को सौंपी गई है। सांसद श्री रुडी ने बैठक के दौरान कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह प्रयास प्रदेश के युवाओं को सेना और वायुसेना के प्रति आकर्षित करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस आयोजन में विशेष रुचि लेने और इसे राजकीय स्तर पर स्वीकृति देने के लिए आभार व्यक्त किया। यह आयोजन वीर कुंवर सिंह की वीरता को सम्मान देने के साथ-साथ बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें स्टेशन कमांडर, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन; नगर आयुक्त, पटना नगर निगम; विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार; वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना; वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना; उप विकास आयुक्त, पटना; पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना; निदेशक, जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, पटना; अपर जिला दंडाधिकारी (नगर व्यवस्था, सामान्य, विधि-व्यवस्था); अनुमंडल पदाधिकारी (पटना सदर, दानापुर) सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम को राजकीय अतिथि का दर्जा दिया गया है। यह कार्यक्रम न केवल बिहार के लिए गौरव का क्षण होगा, बल्कि वीर कुंवर सिंह की वीरता को नमन करने और युवाओं को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी साबित होगा।

## बिहार विधानसभा ने की 24 समितियों के सभापति के नाम की सूची जारी

**पटना।** वित्तीय वर्ष-2025-26 के लिए बिहार विधानसभा की समितियों के सभापतियों की सूची मंगलवार को जारी की गई।विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने समिति का गठन किया है। अलग-अलग दलों के विधायकों को अलग-अलग समिति का सभापति बनाया गया है।

इसमें राजद के तेज प्रताप यादव सहित भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस सहित अन्य दल शामिल है।पूर्व के समिति के कई सभापतियों के मंत्री बनने के बाद ये नई समिति की सूची जारी की गयी है।

कुल 24 समितियों के सभापति के नाम की घोषणा की गई है। इसमें पार्टीवार सर्वाधिक 8 समितियों के सभापति भाजपा से हैं। दूसरे नंबर पर राजद को 6 समितियों के सभापति का जिम्मा मिला है। वहीं जदयू के पास 5 समिति, कांग्रेस के पास 2 समिति और सीपीआई (एमएल) (एल) और सीपीआई तथा सीपीआई (एम) को एक एक समिति मिला है।नियम समिति, सामान्य प्रयोजन समिति एवं विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव स्वयं होंगे। लोक लेखा समिति के सभापति भाई वीरेन्द्र (187-मनेर), प्राक्कलन समिति केसभापतितारकिशोर प्रसाद (63-कटिहार), सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के हरिनारायण सिंह (177-हरनौत), पुस्तकालय समिति के रामवृक्ष सदा (148-अलौली), आवास समिति के अशोक कुमार चौधरी (92-सकरा), याचिका समिति के अशोक कुमार सिंह (97-पारू), प्रत्यायुक्त विधान समिति के अजीत शर्मा (156-भागलपुर), राजकीय आश्वासन समिति के दामोदर रावत (242-झाझा), प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (102-कुचायकोट), जिला परिषद् एवं पंचायती राज समिति के सभापति निरंजन कुमार मेहता (71-बिहारीगंज) बने हैं।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति, कल्याण समिति के सभापति रामप्रीत पासवान (37-राजनगर), निवेदन समिति के अवधेश सिंह (123-हाजीपुर), महिला एवं बाल विकास समिति के गायत्री देवी (25-परिहार), आचार समिति के रामनारायण मंडल (161-बाँका), गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति के तेज प्रताप यादव (140-हसनपुर), पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह (179-बाढ़) सभापति बने हैं।इसी तरह आन्तरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति के सभापति मोहम्मद नेहालउद्दीन (224-रफीगंज), अल्पसंख्यक कल्याण समिति के शकील अहमद खाँ (64-कदवा), कृषि उद्योग विकास समिति के अजय कुमार (138-विभूतिपुर), पर्यटन उद्योग संबंधी समिति के सत्यदेव राम (107-दरौली), शून्यकाल समिति के भारत भूषण मंडल (40-लौकहा), बिहार विरासत विकास समिति के केदार नाथ सिंह (115-बनियापुर), कारा सुधार समिति के पवन कुमार जायसवाल (21-ढाका) सभापति बने हैं।



## टैंकर की चपेट में आने से बैंककर्मी घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के छपरा मशरक एस एच 90 पर महाराणा प्रताप चौंक पर अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार बैंक कर्मी गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में इमरजेंसी 112 की टीम ने इलाज के लिए भर्ती कराया। घायल हाजीपुर से बाइक पर सवार होकर बैंक ड्यूटी पर गोपालगंज जा रहें थे।घायल की पहचान हाजीपुर के प्रकाश कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। घायल बैंक कर्मी ने बताया कि वह छुट्टी में घर गया था। बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर में प्राइवेट बैंक में ड्यूटी पर जा रहें थे कि टैंकर ने टक्कर मार दी।

## लकड़ी व्यापारी की पत्नी का निधन, विधायक ने जताया शोक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पुराने रेलवे स्टेशन रोड निवासी प्रसिद्ध लकड़ी व्यापारी के पत्नी के निधन पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने उनके आवास पर पहुंच पीड़ित परिवार के लोगों को सांत्वना दी। आपकों बता दें नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ अवस्थित आरा मशीन एंव लकड़ी फर्नीचर व्यापारी चुन्नू सिंह की पत्नी का बीते दिनों पहले हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी को सहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि लकड़ी व्यापारी के पत्नी का निधन परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है वह सामाजिक छवि और धर्मपरायण महिला थी।

## मशरक में पीसीसी सड़क का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मदारपुर पंचायत के वार्ड - 12 मदारपुर गांव में बीडीओ पंकज कुमार ने पीसीसी ढलाई कार्य का निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों से पूछताछ की गयी और ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बीडीओ पंकज कुमार ने बताया ग्रामीणों के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें अनियमितता की शिकायत बताई गई। जिसकी जांच-पड़ताल के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया।

## बासवाड़ी में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में बासवाड़ी में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों में चन्द्रकेतु नारायण सिंह ने बताया कि अचानक आग की लपटे उठने लगी, आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया। पर आग के विकराल रूप को देख फायर ब्रिगेड टीम ने पहुंच आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पाया गया अन्यथा आग से आवासीय इलाकों की जबरदस्त क्षति होती।

## 12 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त को खैरा पुलिस ने धर दबोचा

**दैनिक खोज खबर/नगरा।** खैरा थाना क्षेत्र के मायटोला ग्राम निवासी स्वर्गीय मुन्ना राय का भुअर राय को खैरा पुलिस के द्वारा धर दबोचा गया। बताते चलें की चोरी के कांड में पिछले 12 वर्षों से मायटोला गांव का अभियुक्त फरार चल रहा था। इस बाबत खैरा थानाध्यक्ष अणिमा राणा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई गरखा थाना क्षेत्र के पहिया गांव में अभियुक्त छुपकर कर रहा है। सूचना के आधार पर करवाई करते हुए केस के आई ओ ए एस आई नागेंद्र प्रसाद तथा अपर थानाध्यक्ष छत्तीस प्रसाद सिंह ने त्वरित करवाई करते हुए उक्त अभियुक्त को धर दबोचा गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

## कर्मियों के विरुद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही समय सीमा के अंतर्गत निष्पादन पारदर्शी प्रशासन के लिये अहम ःडीएम

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी ने जिला में संचालित विभागीय कार्यवाही के मामलों की समीक्षा की। विगत छः माह में 6 कर्मियों पर दंड अधिरोपित कर विभागीय कार्यवाही समाप्त की गई है। 12 मामलों में संचालन पदाधिकारी का मंतव्य प्राप्त है परन्तु द्वितीय कारण पृच्छा कर्मियों से अप्राप्त है। शेष छः मामलों में संचालन पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही की सुनावई प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने नियमानुसार एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत विभागीय कार्यवाही के मामलों के निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समय से मामलों का निष्पादन नैसर्गिक न्याय की अवधारणा तथा पारदर्शी प्रशासन के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसलिये सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

**विगत 6 महीनों में विभागीय कार्यवाही के छः मामलों का हुआ निष्पादन**

# गंगा और नारायणी में डुबकी लगाकर छठ वर्तियों ने नहाए खाय से शुरू की छठ व्रत, खरना आज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ में वर्तधारियों ने मंगलवार के अहले सुबह से ही भारी संख्या में पहलेजा घाट गंगा व सोनपुर नरायणी नदी सहित अन्य नदियों में स्नान कर व्रती ने इस चार दिवसीय अनुष्ठान के लिए संकल्प ली। सभी व्रत धारी ने घर में शुद्धता के साथ अरवा चावल के भात,चने के दाल,कद्दू की सब्जी सहित अन्य व्यंजन बनाकर खायी और उस भोजन क घर के सदस्य एवं आसपास के लोगों ने भी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। यह भोजन ग्रहण कर व्रती अपने शरीर और मन को शुद्ध करते हैं, जिससे आने वाले कठिन उपवास के लिए तैयार रह सकें। दूसरे दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगी और सूर्यास्त के बाद गुड़ की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण करेंगे जिसे खरना कहते है। इसी के साथ वे 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लेंने क़े बाद वर्तधारी न तो पानी ग्रहण करती. है और न ही अन्न ग्रहण करती है । यह व्रत छठी मैया और सूर्य देवता के प्रति अटूट श्रद्धा और आत्मसंयम का परिचायक है। तीसरे दिन व्रती छठ घाट, घर या दरवाजे या आंगन में कृत्रिम पोखर पर पहुँच कर अस्ताचलगामी सूर्य ( डूबते सूर्य ) को अर्घ्य देंगे । इस दिन घाटों पर भव्य दृश्य देखने को मिलता है। चौथे और अंतिम दिन व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, जिसक़े पश्चात चार दिवसीय कठोर तपस्या का समापन होगा। इसके बाद वे पारण कर उपवास तोड़ेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे।यह पर्व पुरुष व महिलाएं करती है। चार दिवसीय पर्व जो नहा खाय से यह शुरू हुई चार दिवसीय छठ पर्व के लेकर पूरा वातावरण भक्तिमय में बन गया। यह पर्व देश के बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसे भारत के अलावा विदेशों में भी मनाया जाता है। छठ पूजा मुख्यतः सूर्य देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। वर्ष में दो बार छठ महापर्व मनाया जाता है। पहला पर्व चैत्र मास में होता है, जिसे चैती छठ के नाम से जाना जाता है, जबकि दूसरा पर्व कार्तिक मास में आता है।मान्यता है कि इस व्रत को करने से घर-परिवार में सुख-शांति समृद्धि बनी रहती है। छठ व्रत की परंपरा ऋण वैदिक काल से चली आ रही है। छठ पूजा के दौरान साफ-सफाई का खास ध्यान रखना होता है। वहीं शुद्ध आचार-विचार के साथ सात्विक भोजन ही लोग करते है।



## नहाय खाय के साथ चैती छठ व्रत शुरू, खरना आज

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि मंगलवार को नहाय-खाय के साथ मशरक के विभिन्न गांवों में आरंभ हो गया। छठ व्रतियों ने स्नान कर घरों में गंगाजल लाकर पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी आदि ग्रहण कर 4 दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। नगर पंचायत क्षेत्र में नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया है। छठ व्रतियों ने बताया कि भीषण गर्मी की शुरुआत की वजह से नदी और पोखरें का पानी सूख गया है इसलिए इस बार पानी की व्यवस्था कर छठ व्रत किया जाएगा। आचार्य टुन्ना बाबा के अनुसार, मंगलवार को आयुष्मान योग में नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ हुआ। बुधवार को व्रती पूरे दिन निराहार रहकर शाम में खरना पूजा करेंगे। गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे और इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। गुरुवार ( 3 अप्रैल ) को व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण करके 4 दिवसीय महापर्व का समापन किया जायेगा।

## बिहार की शूटिंग वॉलीबॉल टीम ने रचा इतिहास, पहली बार जीता रजत पदक



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** झारखंड में 29 से 30 मार्च 2015 तक आयोजित तीसरी ईस्ट जोन शूटिंग वॉलीबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार रजत पदक जीता। बिहार टीम ने लीग मैचों में त्रिपुरा और झारखंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने असम को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में बिहार का सामना वेस्ट बंगाल से हुआ, जिसमें रोमांचक संघर्ष के बाद बिहार को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।इस प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढोंगहां ( दरियापुर, सारण ) में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत रोबिन सिंह को बेस्ट खिलाड़ी के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सांसद ढुलू महतो ने प्रदान किया।शूटिंग वॉलीबॉल बिहार के सचिव विनय कुमार सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और जल्द ही सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा की। बिहार टीम के प्रमुख खिलाड़ी रोबिन सिंह, भगत गगन सिंह, राकेश यादव, कमलेश यादव, शुभम कुमार, शुभम सत्यम, हिटलर तथा प्रीतम आदि है।

## अनियंत्रित टेम्पो के धक्के से दो महिला समेत तीन जख्मी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर कटसा चौक के समीप एक अनियंत्रित टेम्पो ने सड़क के किनारे खड़ी महिला को जोरदार टक्कर मारते हुए एक दुकान में जा टकराया।इस घटना में दो महिलाएं व एक बच्चा जख्मी हो गया।इस घटना में भेल्दी थाना क्षेत्र के गोसी छपरा गांव के राजीव कुमार महतो की पत्नी सुनीता देवी जहां गंभीर रूप से जख्मी हो गई वहीं इसी गांव के रंजीत कुमार महतो की पत्नी रीता देवी व पुत्र अंशु कुमार आंशिक रूप से चोटिल हो गए।इलाज गड़खा सीएचसी में किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के गोसी छपरा गांव के राजीव महतो की पत्नी सुनीता देवी अपनी पड़ोस की महिला के साथ कटसा चौक के समीप वाहन का इंतजार कर रही थी तभी गड़खा की ओर से तेज गति से आ रही टेम्पो ने महिलाओं को ठोकर मारने के बाद एक बाइक सवार को टक्कर मार दी और भागने के क्रम में एक दुकान में टक्कर मार दी।लोगों ने चालक को पकड़ लिया और इसकी सूचना भेल्दी पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंच टेम्पो समेत चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## अष्टयाम के लिए जल भरी का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर/नगरा।** प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के कोरिया ग्राम निवासियों के द्वारा कोरेया पोखरा पर जन कल्याण के लिए आयोजित होने वाले दो दिवसीय अखंड अष्टयाम के लिए जल भारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कोरेया शिव मंदिर एवं तालाब के पास से ढोल, नगाड़े, गाजे बाजे के साथ सुबह में जलभरी का आयोजन किया गया ।जिसमें कोरेया , मायटोला, हरिराम के टोला होते हुए जलभरी का जुलूस खैरा राम जानकी मठिया के प्रांगण में आया जहां जलभरी के लिए ब्राह्मणों के द्वारा संकल्प देकर के विधिवत पूजा की गई तथा गंगा नदी से लाए गए जल को सभी के कलश में डालकर पुनः श्रद्धालु भक्त कलश लेकर के कोरेया शिव मंदिर एवं तालाब के पास लौट गए जहां सोमवार को अखंड अष्टयाम की शुरुआत की गई तथा बुधवार को अष्टयाम का समापन होगा। इस बाबत मंदिर के पुजारी कामेश्वर बाबा ने बताया कि ग्रामीणों के कल्याण के लिए यह अष्टयाम कोरेया गांव के ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। वही जलभरी कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण स्त्री, पुरुष, एवं बच्चे, बूढ़े शामिल थे।

## हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य अखंड अष्टयाम का आयोजन



**दैनिक खोज खबर /दरियापुर।** प्रखंड के ननफ़र गांव स्थित स्कूल के पास नव निर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने श्रद्धा के साथ पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल पर जल अभिषेक किया। आचार्यों द्वारा विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ के बाद अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। अष्टयाम के समापन के उपरांत भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन में पंचायत समिति सदस्य विनोद बैठा, शिक्षक शिवदयाल शर्मा, भृगुनाथ शर्मा, डॉक्टर संजय पंडित, आनंद कुमार, चंदन शाह, राजेंद्र शर्मा, भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह, सरपंच राम अयोध्या राय, पूर्व सरपंच उमेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।वहीं डेरनी थानाध्यक्ष प्रियांका कुमारी भी दल बल के साथ उपस्थित को नियंत्रण करने के साथ साथ विधि व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी बनाई हुई थी।

## आलाधिकारियों ने छपरा मंडल कारा का सुरक्षा की दृष्टिकोण से किया स्थलीय निरीक्षण




**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी सारण अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक सारण डॉ. कुमार आशीष द्वारा संयुक्त रूप से मण्डल कारा छपरा का सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मण्डल कारा के बाहरी परिसर एवं अंदर परिसर की पूर्ण सुरक्षा कायम रखने हेतु भवन प्रमंडल सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। मालूम हो कि पीछले दिनों एक कैदी के दिवाल फांद भाग जाने का मामला सामने आया था, हालांकि बाद पुलिस ने भागे कैदी को पकड़ लिए। जिसको लेकर जिला के आलाधिकारियों द्वारा जेल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जेल प्रशासन को जरूरी निर्देश दिया गया।

## इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र -छात्राओं को किया गया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/अमनौर/सारण।** इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र -छात्राओं को एक सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. मंगलवार को स्थानीय कंसेप्ट प्वाइंट संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कॉमर्स कालेज,पटना के फिजिक्स विभागाध्यक्ष रहे प्रो. वी.सी. राय तथा जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ व अन्य अतिथियों द्वारा इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल के साथ साइकिल, टेबल फैन, डायरी कलम आदि वस्तु भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया. इस मौके पर प्रो. वी.सी. राय ने कहा कि जो विधार्थी अच्छे मुकाम हासिल किये हैं वे अपनी कड़ी मेहनत का फल है. विधार्थियों को उनलोगों से सिखने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कम्पिटीशन बढ गया है ।इसलिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समय की जरूरत है. वहीं श्री महासेठ ने कहा कि गरीबी से बाहर निकलने का एक मात्र रास्ता शिक्षा है.बच्चों की शिक्षा उनके स्वभाविक वातावरण में दी जाए तथा शिक्षा के साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों एवं नैतिक मूल्यों का विकास किया जाना भी आवश्यक है. इस मौके पर संस्था के निदेशक मिथलेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर किया. सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में विशाल कुमार ( 455 अंक ), शिवम राज ( 454 अंक ), करण कुमार रजक ( 425 अंक ), सिधांत कुमार तिवारी ( 422 अंक ) तथा मनीषा जायसवाल ( 407 अंक ) सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल रही. इस अवसर पर शिक्षक जय प्रकाश कुमार सिंह, दिपक कुमार सिंह, मनोज सिंह, नीरज कुमार शर्मा, प्रभात सिंह, सुबोध मंडल आदि शिक्षक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे. सभा का संचालन शंकरनाथ चतुर्वेदी ने किया।

## रघुनाथपुर -कंबाइन ने दो महिला को रौंदा, मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभीरार गांच के दियरा क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर खेत में पशुओं के लिए चारा काट रही दो महिलाएं कंबाइन की चपेट में आ गई। इससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इसके बाद वहां लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने हंगामा भी शुरू कर दिया। घटना के बाद चालक कंबाइन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने कंबाइन मशीन को कब्जे में लेते हुए दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत महिलाओं की पहचान गभीरार निवासी मनोज साह की पत्नी कौशल्या देवी (40) तथा श्यामा महतो की पत्नी की चंपा देवी (52) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि गभीरार के दियरा क्षेत्र में कौशल्या देवी एवं चंपा देवी पशुओं के लिए घास काट रही थी। वहीं कुछ ही दूरी पर कंबाइन मशीन से गेहूं के फसल की कटाई की जा रही थी। इस दौरान कंबाइन मशीन का चालक नियंत्रण खो दिया और ढलान होने के कारण मशीन की चपेट में आ गई। इस दौरान दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही स्वजनों को हुई, वे लोग दहाड़ मारकर रोते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया तथा कंबाइन मशीन का पता लगाया जा रहा है। समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी नहीं हुई थी।

---------------

## एक गांव की दो महिला की मौत के बाद गांव पसरा सन्नाटा

परवेज अख्तर/सीवान। रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभीरार गांव में मंगलवार की दोपहर कंबाइन मशीन की चपेट में आने से दो महिला की मौत मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक माहौल कायम गा हो गया। मृतक महिलाओं की पहचान गभीरार निवासी मनोज साह की पत्नी कौशल्या देवी (40) तथा श्यामा महतो की पत्नी की चंपा देवी (52) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि ये दोनों महिलाएं गरीब परिवार से आती हैं। वे दोनों महिला गंभीरार दियरा क्षेत्र में मवेशी के लिए फसल काटने गई थी। कुछ दूरी पर ऊंचे खेत में कंबाइन मशीन से गेहूं फसल की कटाई हो रही थी। इस दौरान चालक अनियंत्रित हो गया तथा कंबाइन मशीन ढलते हुए नीचे गिर गया, इस दौरान कंबाइन मशीन की चपेट में आने से दोनों महिलाओं की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुटी हुई थी। चंपा देवी एवं कौशल्या देवी के शव को देख वहां उपस्थित लोगों की आंखें नम हो जा रही थी।

**स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन:** परिवार मनोज साह की पत्नी कौशल्या देवी एवं श्यामा महतो की पत्नी चंपा देवी की मौत के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कौशल्या देवी को चार पुत्री एवं एक पुत्र हैं। सभी नाबालिग हैं। सभी मां को देख फफक-फफक कर रो रहे थे। पुत्र तीन साल का है। वहीं चंपा देवी को चार पुत्री एक पुत्र हैं। एक पुत्री की शादी हो चुकी है और सभी अविवाहित हैं। दोनों मृतका के परिवार साधारण हैं। पत्नी-पत्नी दोनों मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करते थे। वहीं बच्चों के रोने से वहां उपस्थित लोगों की आंखें नम हो जा रही थी। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। गभीरार पंचायत के मुखिया गणेश मल्लाह ने दोनों मृतका के स्वजन को कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन-तीन हजार रुपये प्रदान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी।

## अगलगी में तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**हसनपुरा (सिवान)।** एम एच नगर थाना के करमासी में मंगलवार की शाम हुई अगलगी में करीब तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अगलगी के दौरान किसानों में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जो जहां था आग बुझाने के लिए दौड़ पड़ा। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तालाब से पंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया। इस अगलगी में पुकार महतो,संत महतो की गेहूं की फसल व शिवजी साह व हीरा साह के खोंप में रखे भूसा भी जल कर राख हो गया। अगलगी में करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलने का अनुमान है। वहीं आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

## नई पेंशन योजना के विरोध में कर्मियों ने काला बिल्ला लगा किया प्रदर्शन

**हसनपुरा (सिवान) ।** प्रखंड सह अंचल के कर्मियों ने मंगलवार को नई पेंशन योजना के विरोध में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन महासंघ गोप गुट बिहार के तत्वावधान में व सदस्य मुन्ना बांसफोर की अध्यक्षता में चलाया गया। विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि राज्य सरकार के सभी कर्मी नई पेंशन योजना के विरोध में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग की गई है। इस मौके पर सेराज अली, विजय कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, आलोक कुमार, ओमप्रकाश यादव, नरेंद्र किशोर सिंह, माइकल पीटर, पंकज कुमार, चंद्रभान काजी, ओमप्रकाश यादव उर्फ परदेशी, नदीम अख्तर आदि उपस्थित थे।

## चैती छठ पूजा को ले घाटों की साफ-सफाई शुरू

**सिसवन (सिवान)।** चैती छठ पूजा को प्रखंड के कचनार स्थित सूर्य मंदिर स्थित पोखर घाटों की छात्र नवयुवक नाट्य कला परिषद के सदस्यों द्वारा साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान छह प्रतिमा का रंग-रोगन, घाटों की मरम्मत आदि कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इस दौरान युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, युवाओं द्वारा छठ घाट जाने वाले मार्ग की भी सफाई की जा रही है। साथ ही, घाट पर रात्रि के दौरान रोशनी के लिए लाइट की भी व्यवस्था की जाएगी। छठ पूजा की तैयारी को लेकर पूरे दिन युवा-नौजवान कार्य में व्यस्त रहे। इस मौके पर सदस्य संदेश भगत, प्रीतम साह, सौरभ साह, कुंदन उपाध्याय, राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि छठ व्रतियों को कोई परेशानी न हो इसको लेकर सफाई, रोशनी के अलावा व्रतियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कार्यों को पूरा करने में समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं। चैती छठ पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ज्ञात हो कि छठ वत्रियों द्वारा मंगलवार को नहाय-खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत की गई। दो अप्रैल को खरना एवं तीन अप्रैल को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य एवं चार अप्रैल को उदीयमान भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व को लेकर बाजारों में भी काफी चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में फलों की दुकानें सहित सूप, दउरा, नारियल, महावर, मिट्टी के दीया सहित पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। जहां ग्रामीण खरीदारी करते देखे गए। छठ पर्व को लेकर गांव में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस अवसर पर उज्ज्वल साह, महेश भगत, मनोज भगत, अवधकिशोर भगत, गजेंद्र ठाकुर, छोटू साह सहित दर्जनों युवक शामिल थे।

## ओपीडी सेवा बहाल

**बसंतपुर (सिवान) ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को ओपीडी सेवा बहाल हो गया। इस दौरान मरीजों में खुशी देखी गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चहल-पहल देखी गई। ज्ञात हो कि मांगों को ले चिकित्सक के हड़ताल के कारण ओपीडी सेवा बंद था। चिकित्सक इमरजेंसी में मरीज देख रहे थे।

## प्रगति पत्रक का हुआ वितरण

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के सिसवां कला स्थित श्रीकृष्णदेव किंडर गार्टन में मंगलवार को समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक वितरण किया गया। विद्यालय के सचिव डा. राजेश्वर भक्त ने बताया कि इस वर्ष कक्षा एक में मयूरी कुमारी प्रथम, अदिवेका सिंह द्वितीय व आयुष कुमार तृतीय, कक्षा दो में ब्यूटी कुमारी प्रथम, काजल कुमारी द्वितीय व अंशु कुमारी तृतीय, कक्षा तीसरी में अनीता कुमारी प्रथम, पीयूष कुमार द्वितीय व शिबू कुमार सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसके अलावा अन्य कक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य सुमन कुमारी, सहायक शिक्षिका रीता कुमारी, सुनीता कुमारी, रामदेव राम, नागेंद्र साह, अब्दुल कलाम आदि उपस्थित थे।

# अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज सहित छः सीएचसी कायाकल्प के तहत चयनित

### मरीजों का बेहतर इलाज और कुशल प्रबंधन के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का हुआ कायाकल्प

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जिलेवासियों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का कायाकल्प के तहत सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। जिला सलाहकार गुणवत्ता यक़ीन (डीसीक्यूए) डॉ कुमार अभिमन्यु ने बताया कि कायाकल्प के तहत जिले के एक मात्र अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के अलावा छः सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प किया गया है। कायाकल्प के तहत चयनित अस्पतालों को पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई है। कायाकल्प के तहत सिवान जिले के महाराजगंज अनुमंडलीय मुख्यालय स्थित अस्पताल को 72.03 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है, तो बसंतपुर सीएचसी को 73.23, जिरादेई को 73.69, बड़हरिया को 74 15, रघुनाथपुर को 74.92, हुसैनगंज को 76.03 जबकि जिले के आकांक्षी आंदर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को 79.07 अंकों के साथ पुरस्कृत किया गया है। वहीं इन अभी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों को एक एक लाख रुपए प्रोत्साहन के रूप में राशि मिलने वाली है।कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों में मुख्य रूप से आठ बिंदुओं पर फोकस किया जाता है। जिनमें अस्पताल का अपना भवन, वहां की स्वच्छता व साफ सफाई, कचरा निष्पादन की व्यवस्था, इंफेक्शन कंट्रोल कमेटी का क्रियाकलाप, सपोर्ट सर्विस (आउटसोर्स कर्मियों के काम काज व उपलब्धता), हाइजेनिक प्रोमोशन और बी ऑन द बांड्री यानि अस्पताल परिसर के बाहर आसपास वाले क्षेत्रों की साफ सफाई का होना शामिल है। इसके अलावे साईनेज बोर्ड, आयुर्वेदिक बगीचा गयी है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम विशाल कुमार ने बताया कि जिले के छह सीएचसी सहित एक अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज को कायाकल्प के तहत मानकों को पूर्ण रूप से खड़ा उतारा गया है। जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता और सफाई, संक्रमण नियंत्रण, रोगी अनुभव में सुधार, मानकों का पालन, सुविधाओं में सुधार, बायोमेडिकल वेस्ट स्टोरेज, रोगियों के बीच बेहतर व्यवहार शामिल है। इन मानकों के तहत जिले के सात सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प किया गया है। सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राज्य के 19 स्वास्थ्य संस्थानों का कायाकल्प के समकक्ष मूल्यांकन (पियर असेसमेंट) के आधार पर सराहना पुरस्कार देने की अनुशंसा की गई। जिसमें सिवान जिले के अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज के अलावा आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़हरिया, बसंतपुर, हुसैनगंज, रघुनाथपुर और जिरादेई को कायाकल्प अंतर्गत चयनित किया गया है। इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों को एक - एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलने वाला है। जिसमें से 75 प्रतिशत राशि का उपयोग राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) तथा कायाकल्प अंतर्गत चिन्हित कमियों को दूर करने में खर्च किया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन पखवाड़ा आरंभ

**दारौंदा (सिवान)।** आंगनबाड़ी में छह साल पूरे करने वाले बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में मंगलवार से नामांकन शुरू हो गया। आइसीडीएस और शिक्षा विभाग द्वारा नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। 15 अप्रैल तक नामांकन पखवाड़ा चलेगा। जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड नहीं रहने पर भी औपबंधिक नामांकन लिया जाएगा। उक्त निर्देश शिक्षा विभाग के एसीसीएस ने जारी किया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक नए शैक्षिक सत्र 2025-26 को लेकर 15 अप्रैल तक 6 वर्ष पूरा करने वाले बच्चों को पहली कक्षा में नामांकन करना है। निर्देश में कहा है कि छह साल पूर्ण कर चुके आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों अथवा अगले छह माह में छह वर्ष पूरे कर लेने वाले छात्रों का नामांकन उनके पोषण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में अनिवार्य रूप से किया जाएगा। आंगनबाड़ी में नामांकित ऐसे सभी बच्चों की सूची आंगनबाड़ी की सेविका व सहायिका बनाएगी। इस सूची को पोषक क्षेत्र के प्रारंभिक विद्यालय के प्रधान को उपलब्ध कराएगी। प्रधानाध्यापक, सेविका व सहायिका सूची के अनुसार अभिभावकों को नामांकन की तिथि की सूचना उपलब्ध कराएंगे। नामांकन की तिथि को विद्यालय में विशेष प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा। बच्चों के अभिभावकों का स्वागत करते हुए उनके बच्चों का नामांकन किया जाएगा। इनके लिए पीने के लिए पानी एवं परिसर में स्वच्छ शौचालय उपलब्ध रहे, इसकी व्यवस्था प्रधानाध्यापक द्वारा किया जाएगा। जिस बच्चे का कहीं नामांकित नहीं है, उनके नामांकन के लिए विद्यालय प्रधान स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा सेवक, आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका समूह से प्रधानाध्यापक समन्वय करेंगे। बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में भी बच्चे का औपबंधिक नामांकन करना होगा। नामांकन अभियान के समापन के बाद बीईओ को प्रधानाध्यापक यह प्रमाण-पत्र देंगे कि उनके पोषक क्षेत्र में कोई भी छह वर्ष का बच्चा अनामांकित नहीं है। नामांकित बच्चों का खाता संख्या इत्यादि प्राप्त कर ई-शिक्षाकोष पर अपलोड किया जाएगा। जिससे इन बच्चों को भी यूनिफार्म एवं टीएलएम नामांकन के साथ ही उपलब्ध कराया जा सके। इस संबंध में बीईओ चंद्रभान सिंह ने बताया कि नामांकित बच्चों के आंकड़ों को ई-शिक्षाकोष में संरक्षित किया जाएगा।

## शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**हसनपुरा (सिवान) ।** प्रखंड मुख्यालय के उसरी बुजुर्ग स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी सेवा समिति, बजरंग दल, आयुष्मान भारत फाउंडेशन व हिंदू युवा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस एवं नवाह परायण श्रीराम कथा के दूसरे दिन सोमवार को भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान मध्य प्रदेश ओरछा धाम से पधारी मानस मोहनी संध्या दीदी ने अपने मुखारबिंद से उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव-पार्वती विवाह एवं शिव चरित्र का व्याख्या की। इस दौरान कथावाचक ने जीवन में राम नाम स्मरण का महत्व समझाते हुए शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। कहा कि जीवन रूपी नैया को पार करने के लिए राम नाम ही एक मात्र सहारा है। वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है, जो दुखी न हो। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। राम नाम का स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है। लेकिन अमूमन सुख हो या दुख हम भगवान को भूल जाते हैं। दुखों के लिए उन्हें दोष देना उचित नहीं है। उन्होंने ÷ हाथ की रेखा देखकर बोला वो नारद जोगी मतवाला, जिससे तेरा ब्याह रचेगा वो होगा डमरू वाला÷ भजन के साथ शिव पार्वती विवाह प्रसंग पर प्रकाश डाला। कथा में गाए गए मधुर भजनों पर श्रोता भावविभोर होकर नाच उठे। वहीं कथा समाप्त होने पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

### व्यक्ति की हत्या कर शव को चंवर में फेका

**पचरुखी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पुखरेरा गांव के चंवर से मंगलवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान जीबी नगर थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी नागेन्द्र कुमार राम के रूप में हुई है। शव देखने के लिए घटनास्थल् पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शव का शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बसंतपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के खोरीपाकड़ गांव के समीप एनएच 331 पर सोमवार की देर शाम तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बसांव निवासी सवालिया सिंह के 34 वर्षीय पुत्र अपुल सिंह के रूप में हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि अपुल सिंह मलमलिया बाजार में हार्डवेयर की दुकान चलाता थे। किसी ग्राहक से बकाया रकम मांगने के लिए बाइक से गए थे। पैसे लेकर लौटने के दौरान मलमलिया एवं खोरीपाकड़ के बीच उनकी बाइक सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गई। इससे वे बाइक समेत सड़क पर गिर गए। इस दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। वहीं घटनास्थल पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद देर रात अपुल का शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की मां लक्ष्मीना देवी, पिता सवालिया सिंह, पत्नी अनु कुमारी समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। अपुल को पुत्री सत्ताक्षी व सत्या व पुत्र आशीष पिता के शव को देख फफक-फफक कर रो रहे थे। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## प्राथमिक विद्यालय में शरारती तत्वों ने की तोड़फोड़

**गुठनी (सिवान) ।** थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिंदी में सोमवार की रात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की तथा विद्यालय से छह क्विंटल चावल समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक ने विक्की यादव ने बताया कि शरारती तत्वों ने विद्यालय के दो कमरे का ताला तोड़ दिया तथा कमरे में छह क्विंटल चावल की चोरी कर ली। साथ ही विद्यालय में आठ पंखे, बल्ब, टेबल, कुर्सी तोड़ दिए। इसके बाद पानी की प्लास्टिक टंकी, नल को भी तोड़ डाला। शरारती तत्वों ने स्कूल में लगे टाइल्स को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए खेल यंत्र को तोड़ दिया। साथ ही विद्यालय में की गई विद्युत वायरिंग को भी कई जगहों पर नोच डाला है। साथ ही कक्ष में रखे अलमीरा तोड़ कुछ कागजातों को फाड़ दिया तथा यत्र-तत्र फेंक दिया। प्रधानाध्यापक की मानें तो शरारती तत्वों की इस करतूत से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। मंगलवार की सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने विद्यालय के कमरों का ताला टूटा देख घटना की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक घटना की सूचना थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह को दी। इसके बाद पुलिस विद्यालय पहुंच घटना की जांच पड़ताल की तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में छह घर जले

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के सराय पड़ौली मुसहर टोला में मंगलवार को हुई विद्युत शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में छह घर जलकर राख हो गए। इस दौरान घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। इस दौरान घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। पीड़ितों में अर्जुन मुसहर, रामप्रीत मुसहर, अमन मुसहर, सुरेंद्र मुसहर, लड्डू मुसहर और हरेंद्र मुसहर शामिल हैं।बताया जाता है कि मंगलवार को परिवार के अधिकांश सदस्य घर के बाहर काम पर चले गए थे। बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। अभी ग्रामीण कुछ समरू पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते छह घरों को आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया तथा घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ देर के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच किसी तरह आग पर काबू पाई।प्रभावित परिवारों में अर्जुन मुसहर, रामप्रीत मुसहर, अमन मुसहर, सुरेंद्र मुसहर, लड्डू मुसहर और हरेंद्र मुसहर शामिल हैं। घटना के बाद सीओ धीरज कुमार पांडेय, हल्का कर्मचारी दिव्य प्रकाश घटनास्थल पर पहुंच प्रभावित सभी परिवार को तत्काल प्लास्टिक का तिरपाल मुहैया कराया। मुखिया मंटू द्विवेदी ने सभी प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने की मांग सीओ से की। समाचार प्रेषण तक नुकसान हुए सामानों का आंकलन नहीं किया जा सका था, लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस अगलगी में करीब एक लाख की संपत्ति जली होगी।

## अपराध की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार, दो कट्टा व एक गोली बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** दरौली थाना क्षेत्र के बलहूं गांव स्थित निकरी छठ स्थान के समीप सोमवार की रात अपराध की योजना बनाते चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो कट्टा व एक मिस फायर गोली बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के बलहूं निवासी चंदन कुमार यादव, मेल्हनी निवासी मुन्ना कुमार राम, जितेश कुमार साहनी एवं नारायणपुर निवासी गोविंद प्रसाद के रूप में हुई है।घटना की जानकारी देते हुए मैरवा एसडीपीओ चंदन कुमार ने दरौली थाना परिसर में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सोमवार की रात गुप्त सूचना मिली कि बलहूं गांव स्थित निकरी छठ स्थान के समीप कुछ बदमाश किसी अपराध की योजना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं, तभी थानाध्यक्ष रौशन कुमार, एसआइ अमितोष कुमार, एएसआइ धनंजय कुमार, सिपाही लक्ष्मण कुमार, दीपक कुमार, कुणाल कुमार के साथ वहां पहुंच उक्त स्थल की घेराबंदी कर उक्त चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो कट्टा एवं एक मिस फायर गोली बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों ने अपना नाम बलहूं निवासी चंदन कुमार यादव, मेल्हनी निवासी मुन्ना कुमार राम, जितेश कुमार साहनी एवं नारायणपुर निवासी गोविंद प्रसाद बताया। चारों बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के गोहपुर बजरहिया में पुलिस ने मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक देसी पिस्टल एवं छह जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया। पुलिस युवक के गिरोह में शामिल उसके अन्य साथियों की पहचान करने में जुटी है। थानाध्यक्ष रितेश मंडल ने बताया कि गोहपुर बजरहिया के प्रिंस कुमार सिंह अपने घर पर अवैध पिस्टल, चाकू लेकर आसपास के लोगों को उक्त हथियार से डरा धमका रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना गोपुर गांव में छापेमारी की गई जहां प्रिंस कुमार सिंह के आवासीय कमरे से बिछावन के नीचे छुपा कर रखें एक देशी पिस्तौल चाकू एवं फाइटर बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि प्रिंस के घर से सभी बरामद हथियार के कागजात दिखाने की बात कही गई तो उसने कोई कागजात नहीं दिखाया और बोला कि मेरे पास कोई लाइसेंस नहीं है। अवैध हथियार चाकू फाइटर रखना जो सज्ञेय अपराध है। आर्म्स एक्ट मामले में उसे जेल भेज दिया गया।

## श्रीमद्भागवत कलियुग में मनुष्य का कल्याण करने वाला ग्रंथः कान्हाजी महाराज

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)** ~शहर के नगर पंचायत वार्ड संख्या आठ में कपिया जागीर के श्री सती स्थान परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा महोत्सव के दूसरे दिन प्रवचन की शुरुआत समाजसेवी पवन तिवारी ने पूजन व आरती कर कराया। प्रवचन के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पहुंचे संत कान्हा महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कलियुग में मनुष्य का कल्याण करने वाला ग्रंथ है। भारत भूमि पर नारी देवी का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अभिमान नहीं करना चाहिए। लाखों आए व इस मिट्टी में समा गए। फिर किस बात का अभिमान। जीवन भर व्यक्ति दूसरों के लिए कमाता है। लेकिन सिर्फ भजन व भगवान की भक्ति अपने लिए करता है। इस धरा पर मनुष्य के पास श्रीमद्भागवत के सिवाय कुछ नहीं है, जो उसका कल्याण कर सके। सुखदेव जी महाराज ने देवताओं को अमृत के बदले श्रीमद्भागवत देना स्वीकार नहीं दिया। ब्रह्मांड के सभी ग्रंथों पर श्रीमद्भागवत भारी है। श्रीमद्भागवत में साक्षात श्रीकृष्ण विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनोगे तो भगवान का प्रभाव समझ में आएगा। कलियुग में धर्म श्रीमद्भागवत कथा में है। श्रीमद्भागवत की महिमा स्वर्ग में देवता भी करते हैं। श्रीमद्भागवत देवताओं को भी दुर्लभ है। स्वर्ग लोक में देवता कहते हैं कि धन्य है पृथ्वी लोक के लोग जिनके पास श्रीमद्भागवत है।

## टेकनिया में सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**गुठनी (सिवान) ।** थाना क्षेत्र के टेकनिया कुटी के समीप गुठनी-मैरवा मुख्य सड़क पर 25 मार्च की दोपहर सड़क दुर्घटना में बिसवार निवासी छट्ठू प्रसाद (55) घायल हो गए थे। उनका इलाज गोरखपुर एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां इलाज के दौरान सोमवार की देर शाम मौत हो गई। इस घटना के बाद उनका शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण मृतक के स्वजन को ढाढ़स बंधा रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि छट्ठू प्रसाद साइकिल पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। इस दौरान टेकनिया कुटी के समीप तेज गति से आ रही एक अज्ञात वाहन से उनकी साइकिल में धक्का मार दिया जिससे वे घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मैरवा रेफरल अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वजन घायल का उपचार गोरखपुर एक निजी अस्पताल में करा रहे थे जहां सोमवार की देर शाम मौत हो गई।

### झरही नदी किनारे दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**सीवान।** असांव थाना क्षेत्र के शिवपुरी सकरही नदी के किनारे झाड़ी में एक तेंदुआ को ग्रामीणों ने देखा जिसका एक वीडियो बनाकर मंगलवार की दोपहर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। बताया जाता है कि सकरा झरही नदी किनारे युवक अपनी हिम्मत को दिखाते हुए तेंदुआ का एक वीडियो बना लिया और उसे प्रसारित कर दिया है। वीडियो में देखा जा रहा है कि जब युवक हल्ला कर रहा है इसे सुनकर तेंदुआ तेजी से भाग रहा है। तेंदुआ को देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ 10 दिनों से मझवलिया व शिवपुर सकरा झरही नदी के किनारे झाड़ी में छिपकर अपने शिकार की तलाश में घूम रहा है।

## देर रात महाराजगंज थाना पहुंच एसपी ने लिया जायजा

**महाराजगंज (सिवान)।** सिवान के प्रभारी पुलिस कप्तान नीरज कुमार सिंह अपना कमान संभालते ही एक्शन में दिखे। वे देर रात अचानक महाराजगंज थाना पहुंचे। एसपी ने अचानक थाना पहुंचते ही कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस कप्तान ने मौजूद कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। बता दे कि सिवान जिले के पुलिस कप्तान अमितेश कुमार एक महीने के लिए अवकाश पर हैं। काम में बाधा ना हो इसके लिए विभाग ने पटना मुख्यालय से नीरज कुमार सिंह को सिवान जिले का प्रभारी एसपी बना कर जिले में भेजा है।मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी एसपी एक महीने तक प्रभार में रहेंगे। विभाग के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई होगी। प्रभारी एसपी सोमवार की देर शाम पदभार संभालते ही सभी थानाध्यक्षों के साथ मीटिंग कर त्योहारों पर विशेष रणनीति बनाएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। वही पुलिस कप्तान निरीक्षण भी शुरू कर दिए हैं। निरीक्षण के क्रम में पुलिस कप्तान बसंतपुर, भगवानपुरहाट, गोरेयाकोठी, महाराजगंज, दारौंदा थाना का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर महाराजगंज एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन भी मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री कृष्णकांत बाबू की मनी 30वीं पुण्यतिथि

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को महाविद्यालय के संस्थापक पूर्व मंत्री कृष्णकांत सिंह की 30वीं पुण्यतिथि प्रभारी प्राचार्य डा. उमाशंकर पासवान के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया गया तथा पूर्व मंत्री के जीवन से जुड़ी बातों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि कृष्णकांत बाबू ने क्षेत्र को हमेशा आगे रखने की कोशिश की व इसमें उन्हें सफलता भी मिली। विकास कराने का ही प्रतिफल है कि उनके पौत्र देवेशकांत सिंह वर्तमान में गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्षेत्र को शिक्षा के मामले में बेहतर बनाने के भी कई प्रयास किये गए। इस मौके पर प्रो. विद्यानंद कुमार, कुमार राज चितरंजन सिंह, डा. मनोहर शर्मा, ठाकुर सिंह, भृगुनाथ प्रसाद आदि मौजूद थे।

## ईद मिलन समारोह में नौतनवासियों ने दिया भाईचारे का संदेश

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के नौतन गांव में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोग शामिल होकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सेवईयां खाकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। समारोह में हिंदू, मुस्लिम और अन्य समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए और ईद की खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का अवसर भी है। इस आयोजन में बुजुर्गों से लेकर युवाओं में भी उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी विश्वास, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूती मिलती है। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर इश्तियाक अहमद, आफताब आलम, मो. खलील, बेलाल अख्तर, जावेद अहमद, आसिफ, मो. मेराज, मो. इरफान, अब्दुल कयूम, अली इमाम, अली असगर, इसराइल, मकसूद आलम, अलीम, सरफुद्दीन, सगीर, शौकत, चांद मोहम्मद, इमरान, इम्तियाज अहमद, अजीज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।